<u>प्रस्ताव कार्यकारिणी</u>

आज दिनांक 10.02.2008 को संस्था निर्बल वर्ग ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, ग्राम व पो० टपरी, जिला–सहारनपुर की एक कार्यकारिणी की सभा संस्था के पंजीकृत कार्यालय पर अध्यक्ष श्री सुधीर प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बुलाई गई। सभा में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। उपस्थिति कोरम पूर्ण रहा। सभा में संस्था की पंजीकृत नियमावली व स्मृति पत्र में आमूल चूल परिवर्तन किए जाने व संस्था का पता परिवर्तन करने पर विचार किया गया।

प्रस्ताव संख्या 01
संस्था का पता परिवर्तन करने पर विचार : सभा में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अवगत कराया गया कि संस्था का पता ग्राम व पो० टपरी ज़िला– सहारनपुर से बदलकर 563 ख/4, मंगलखेड़ा, आलमबाग, लखनऊ कराने का प्रस्ताव रखा क्योंकि संस्था बडे शहर में कार्य करने की मंशा रखती है अपना नाम रोशन करने के उद्देश्य से संस्था का पता परिवर्तन किया जा रहा है। इस प्रस्ताव की सभी ने अपनी सहमति प्रकट की।

प्रस्ताव संख्या 02
स्मृति पत्र व नियमावली में आमूल परिवर्तन किए जाने पर विचार : सभा में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अवगत कराया गया कि संस्था की उन्नति के लिए एवं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अनुसार संस्था की पंजीकृत स्मृति पत्र व नियमावली में आमूल चूल परिवर्तन किया जाना है। संशोधित स्मृति पत्र व नियमावली का प्रारूप तैयार किया गया तथा सभा के समक्ष पढकर सुनाया गया सभी ने सुनकर अपनी सहमति प्रकट की।

उपरोक्त सभी प्रस्तावों पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी सहमति प्रकट की और प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। और यह भी प्रस्ताव रखा कि संस्था हित में संस्था का पता परिवर्तन एवं स्मृति पत्र व नियमावली में आमूल चूल परिवर्तन किया जाना अति आवश्यक हैं। इस कार्यवाही की पुष्टि आम सभा से कराकर यथा शीघ्र पंजीकृत की कार्यवाही प्रारम्भ की जायें। ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया। अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी को धन्यवाद देकर सभा समाप्त कर दी। यह कार्यवाही रजिस्टर की सत्यप्रतिलिपि है।

Raghvendra
आरती
राजकुमारी
Sumeet Kaushik

सत्य प्रतिलिपि

वरिष्ठ सहायक
कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स
लखनऊ मण्डल, लखनऊ
27.09.08